तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026



10 खेतों में पराली जलाने से बढ़ा खतरा, प्रशासन गंभीर नहीं





12 बिलाईगढ़ में 108 एंबुलेंस सेवा की दो नई गाड़ियां ...






# भाटापारा रेलवे स्टेशन में दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस का ठहराव शुरू, सांसद लक्ष्मी वर्मा ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाटापारा रेलवे स्टेशन के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब दुर्ग से हटिया तक संचालित दुर्ग–हटिया एक्सप्रेस का भाटापारा में नियमित स्टॉपेज प्रारंभ हुआ। यह सुविधा सप्ताह में 2 दिन उपलब्ध रहेगी, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत एवं सुविधा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर भाटापारा चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद छाबड़िया, अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी, उपाध्यक्ष अमरजीत सलूजा, कोषाध्यक्ष सुरेश गोदवानी, विशाल पंजवानी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सिख समाज की ओर से बलवंत सिंह सलूजा, कमल सेठी, बयंत सिंह खालसा, मनी छाबड़ा, सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से शमी चावला, हरजीत कौर एवं गुरमीत कौर सहित अन्य महिलाओं ने लक्ष्मी वर्मा के प्रथम नगर आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से अविनाश शर्मा के नेतृत्व में युवा मोर्चा एवं महाबल बघेल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अवसर को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। लक्ष्मी नारायण सोनी, सौरभ आनंद, राजेश शर्मा, संतोष शेष पेज 10 पर

## सप्ताह में दो दिन मिलेगी यात्रियों को नई सुविधा

### भाटापारा में पहली बार सांसद द्वारा ट्रेन रवाना

इस अवसर पर रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, भाटापारा के इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी राज्यसभा सांसद ने स्टेशन पर उपस्थित होकर ट्रेन को रवाना किया हो।



### लोको पायलटों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया

इस दौरान उन्होंने ट्रेन के महिला एवं पुरुष दोनों लोको पायलटों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। स्टेशन परिसर में उपस्थित जनसमूह में अपार उत्साह एवं हर्ष का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में व्यापक जनसहभागिता देखने को मिली

### विकास कार्यों को लेकर रखी गई मांग

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने भाटापारा रेलवे स्टेशन के लंबित निर्माण कार्य, जो लगभग 2 वर्षों से बंद पड़ा है, उसे शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कराने की मांग रखी। साथ ही यात्रियों की सुविधा हेतु प्लेटफॉर्म पर मातादेवालय कि तरफ लिफ्ट व्यवस्था उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया। इस पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि वे जल्द ही रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक कर इन मांगों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी।

## खबर संक्षेप

### नगर में जनसमस्या निवारण शिविर कल

**बिलाईगढ़।** ब्लॉक के ग्राम नगरदा के हाईस्कूल में अनुविभाग स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 6 अप्रैल को किया जाएगा। शिविर में एसडीएम बिलाईगढ़ द्वारा आम जनता की मांग और शिकायत संबंधी आवेदन लिए जाएंगे और शीघ्र निराकरण किया जायेगा। शिविर में सभी विभागों के जिला या अनुविभाग स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### महुआ को लेकर विवाद

**महासमुंद।** महुआ बीनने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ महिला ने मारपीट कर दी। पुलिस को पिंगल बरिहा ने बताया कि सुबह करीबन 06 बजे अपने खेत में स्थित पेड़ से महुआ बीन रहा था, तभी गांव की बुधनी बरिहा और मेरे पेड़ के महुआ को बीन रहे हो कहकर विवाद किया व डंडे से सिर पर मारा। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध में जुर्म दर्ज किया है।

## कोलाहल अधिनियम के तहत पुलिस की सख्त कार्रवाई

# तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई पिकअप सहित साउंड सिस्टम जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहर में निर्धारित समय सीमा के बाद और तय मानकों से अधिक तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है।

- तय समय सीमा के बाद डीजे बजाने वालों पर कार्रवाई

थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम भाठागांव क्षेत्र में एक डीजे संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित साउंड सिस्टम जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल की रात पुलिस को सूचना मिली कि भाठागांव में एक मालवाहक वाहन में अत्यधिक तेज आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान पाया गया कि संचालक निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर रहा था।

पुलिस ने पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 8096 तथा डीजे शेष पेज 10 पर







## तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम छेरकापुर में तलवार लेकर दहशत फैलाने और गाली-गलौज करने वाले एक युवक को पलारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हमले में प्रयुक्त लोहे की तलवार भी बरामद की है। पुलिस ने 4 अप्रैल को आरोपी शौरभ माथुर को गिरफ्तार किया और आवश्यक कार्रवाई पूरी कर जेल भेजा है।

जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल की रात करीब 7.30 बजे आरोपी शौरभ उर्फ शित्तू माथुर 29 वर्ष हाथ में नंगी तलवार लिए ग्राम छेरकापुर की गलियों में घूम रहा था और अश्लील गाली-गलौज कर रहा था। जब प्रार्थिया के पति ने उसे सार्वजनिक स्थान पर ऐसा न करने की समझाइश दी, तो आरोपी उग्र हो गया। उसने हवा में तलवार लहराते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी।



मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रार्थिया ने थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराई। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी शौरभ को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने गली में तलवार लहराने और धमकी देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक जंग लगा लोहे का धारदार तलवार जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 296, 251(2) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## छूटे हितग्राहियों के लिये आयुष्मान पंजीयन विशेष शिविर 7 से

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 अप्रैल से जिले के सभी विकासखंडों के चयनित ग्रामों में विशेष पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विशेष रूप से छूटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि विशेष शिविरों के माध्यम से तथा शासकीय अस्पतालों एवं चिन्हित निजी अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष रूप से 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आयुष्मान पंजीयन हेतु विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मितानिन, स्वास्थ्य शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### कोटा महोबा बाजार शराब भट्ठी हटाने मंत्री को ज्ञापन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कोटा महोबा बाजार स्थित शराब भट्ठी को हटाने की मांग को लेकर इस क्षेत्र के आसपास बसी कालोनियों में रहने वाले लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के जरिए प्रतिनिधिमंडल ने शराब भट्ठी को हटाए जाने की मांग की। मंत्री को ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने बताया कि मारुति विहार कॉलोनी, श्रीजी टॉवर, मारुति हाईट, महंत तालाब कृष्णा नगर, ज्योति नगर के रहवासी इस शराब भट्ठी के कारण परेशान हैं। उन्होंने बताया कि इस शराब भट्ठी के खुलने से पूर्व सभी कालोनी वासियों ने इसका विरोध किया था। इस संबंध में रायपुर कलेक्टर, विधायक एवं तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। इस ज्ञापन में शराब भट्ठी को हटाने के लिए 44 पन्नों में 1145 लोगों ने हस्ताक्षर भी किए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने इसकी एक प्रति मंत्री को देकर अवगत कराया है कि 6 माह बीतने के बाद भी शराब भट्ठी को अन्यत्र जगह पर हटाया नहीं गया है।

### सिंधी समाज सेवियों का कल होगा सम्मान



**रायपुर।** सिंधी समाज और सहयोग एक सामाजिक संस्था द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 5 अप्रैल को सिंधीयत रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदर देवानी ने बताया कि समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सच्चे समाज सेवकों और सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रायपुर के समस्त सेवाधारी और समाज की समस्त संस्थाओं का यह अपना आयोजन होगा। कार्यक्रम में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, संतोष, विक्की लोहाना, किशोर आहूजा, जीतू बड़वानी, अमर चंदानी, राजू तारवानी, महेश आहूजा, अमर चंदानी, राजू तारवानी, महेश आहूजा, महेश खिलनानी और संपूर्ण समाज के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

### बालाजी गार्डन फाफाडीह में मनाई हनुमान जयंती



**रायपुर।** बालाजी गार्डन फाफाडीह में हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान जयंती मनाई गई। पं. ओंकार प्रसाद तिवारी ने आरती कर प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर महिला नेत्री श्रुति अग्रवाल, निशा आहूजा, सरला जैन, सावित्री अग्रवाल एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, दिलीप अग्रवाल, रामावतार डोलावत, पुरुषोत्तम पटेल, योगेश अग्रवाल, दिनेश शर्मा, सुब्रत डोलावत, राहुल जायसवाल, आशीष आहूजा, विजय, नीलेश आदि उपस्थित थे।

# टैम्पलेट जनरेट नहीं, इसलिए नए सिस्टम से होगी साइंस कॉलेज की नैक ग्रेडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पांच वर्ष पश्चात एक बार फिर से विज्ञान महाविद्यालय की ग्रेडिंग की तैयारी है। पिछली बार नैक टीम विजिट के लिए आई थी, तब महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेड दिया गया था। तमाम तैयारियों और सुविधाओं के बाद भी ए ग्रेड नहीं मिल पाने को लेकर महाविद्यालय ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी, लेकिन ग्रेडिंग में सुधार नहीं हो सका। अब पुनः नैक ग्रेडिंग के लिए महाविद्यालय प्रबंधन डटा हुआ है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बार विज्ञान महाविद्यालय की ग्रेडिंग नए सिस्टम से होगी। अब तक निरीक्षण के लिए यूजीसी द्वारा भेजी जाने वाली नैक टीम आती है। यूजीसी द्वारा तय विभिन्न मानकों के आधार पर टीम महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा संबंधित शैक्षणिक संस्थान को अंक प्रदान करती है, जिसके आधार पर संस्थान की ग्रेडिंग तय होती है। अब नई प्रणाली में ऐसा नहीं होगा। इसे कंप्यूटर बेस्ड करने की तैयारी की जा रही है। नैक ग्रेडिंग के लिए आवेदन करने वाले संस्थान को निर्धारित प्रारूप के टैम्प्लेट दिए जाएंगे। इसमें संस्थान को जानकारी भरकर प्रेषित करनी होगी। जब तक टैम्प्लेट जनरेट नहीं किए जा सके हैं। इसके चलते महाविद्यालय जानकारी प्रेषित नहीं कर पा रहा है। नेशनल इंस्टिट्यूशन रैंकिंग फ्रेमवर्क पैटर्न में उक्त जानकारियां प्रेषित की जाएंगी।

- पांच वर्ष पूर्व तैयारियों के बाद भी विज्ञान महाविद्यालय को मिला था बी प्लस ग्रेड
- नैक ग्रेडिंग कमीशन घोटाले के बाद यूजीसी बदल रहा है अपना सिस्टम



### वार्षिक रिपोर्ट प्रेषित

प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान जिसकी नैक ग्रेडिंग हुई हो, उनके लिए वार्षिक रूप से क्वालिटी असेसमेंट एंड एश्योरेंस रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य होता है। साइंस कॉलेज द्वारा यह वार्षिक रिपोर्ट भेजी जा सकती है। ग्रेडिंग 2026 की द्वितीय छमाही अर्थात नए शैक्षणिक सत्र में प्राप्त होगी, लेकिन महाविद्यालय प्रबंधन ने वर्तमान से ही ग्रेडिंग के लिए टीम गठित कर दी है। पिछली बार प्राध्यापकों द्वारा किए गए रिसर्च कार्यों की जानकारी ऑनलाइन नहीं होने सहित कई बिंदुओं पर महाविद्यालय के अंक कटे थे। इन बिंदुओं को लेकर विशेष सतर्कता महाविद्यालय प्रबंधन बरत रहा है।

### इसलिए बदलाव

यूजीसी द्वारा भेजी जानी वाली नैक ग्रेडिंग टीम द्वारा पैसे लेकर महाविद्यालयों को अच्छे अंक प्रदान करने का मामला सामने आया था। रिश्वत लेने वाले कमेटी के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों पर भी कार्रवाई की गई थी। इसके बाद ही यूजीसी ग्रांट कमीशन नैक ग्रेडिंग सिस्टम को पारदर्शी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसलिए पूरी व्यवस्था ऑनलाइन करने की तैयारी की जा रही है ताकि लेन-देन की कोई आशंका ना रहे।

### अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट के अभी दाम 250 से 285 रुपए तक

# सोमवार से सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ाने की तैयारी, तीन सौ के पार हो जाएंगे दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में एक बार फिर से इस माह अप्रैल से सीमेंट के दाम में इजाफा करने की तैयारी है। जानकारों का कहना है सोमवार से 50 रुपए तक दाम बढ़ा दिए जाएंगे। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले कारोबारियों का कहना है कि सीमेंट कंपनियां हमेशा से ही इसी तरह की मनमर्जी करती हैं। कभी भी दाम बढ़ाने की सूचना दे दी जाती है। अपना टारगेट पूरा करने के लिए ही ऐसा किया जाता है। मार्च में बीते साल का टारगेट पूरा हो गया है तो अप्रैल से नए साल के टारगेट के लिए दाम बढ़ाने की बात की जा रही है। इस समय सीमेंट के दाम अलग-अलग कंपनियों के 250 से 285 रुपए तक हैं।

हरिभूमि सरोकार

दाम बढ़ने पर कीमत तीन सौ के पार हो जाएगी। बीते साल जब सीमेंट पर दस फीसदी जीएसटी कम की गई थी तो इसका खेल कागजों में खेला गया था, ग्राहकों को इसका लाभ नहीं मिला था। प्रदेश की सीमेंट कंपनियां दाम बढ़ाने के मामले में हमेशा से ही बेलगाम हैं। हर साल मानसून के समय भी जब डिमांड नहीं रहती है तब भी दाम बढ़ा दिए जाते हैं। दाम बढ़ाने का विरोध रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी कर चुके हैं। बीते साल तो प्रदेश सरकार ने भी नाराजगी जताते हुए सीमेंट कंपनियों की बैठक की थी। उद्योग मंत्री के साथ बैठक में तय किया गया था कि कंपनियां सीमेंट के दाम बढ़ाने से पहले इसकी सरकार को जानकारी देंगी और कारण भी बताएंगी। लेकिन कंपनियां ऐसा नहीं कर रही है। बैठक के बाद कई बार दाम बढ़ाए जा चुके हैं। अब फिर से वहां करने की तैयारी है।

**कारोबारियों का कहना है कि सीमेंट कंपनियां हमेशा से ही इसी तरह की मनमर्जी करती हैं**



### इस माह बढ़ेंगे दाम

कारोबारियों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से लगातार कंपनियां दाम बढ़ाने की बात कह रही हैं। इसके पीछे कोई कारण नहीं बताया जा रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अप्रैल का टारगेट पूरे करने के लिए ही ऐसा किया जा रहा है। टारगेट पूरा होने पर दाम कम भी किए जा सकते हैं। इस समय अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट के दाम 250 से 285 रुपए तक हैं। ब्रांडेड कंपनियों का सीमेंट 60 बोरी लेने पर 265 रुपए में मिल रहा है। चिल्हर में दाम 285 रुपए तक है। इसमें भाड़ा अलग से है। अगर 50 रुपए दाम बढ़े तो दाम 300 से 315 रुपए तक हो जाएंगे।

### जीएसटी के समय ऐसे किया बिलों में खेल

*बीते साल जब सीमेंट में जीएसटी कम की गई थी तो बिलों में खेल किया गया था। अपने प्रदेश में कई कंपनियों के सीमेंट बिकते हैं। इसके दाम खुले बाजार में 250 से लेकर 300 रुपए या इससे ज्यादा भी रहते हैं। जानकारों का कहना है कि ज्यादातर कंपनियां पहले से ही बिलों में खेल करती हैं। सीमेंट के दाम बिल में ज्यादा रहते हैं और उसमें अलग-अलग तरह के डिस्काउंट देकर दाम को कम कर दिया जाता है। जिस कंपनी को अपना सीमेंट 250 रुपए में बेचना रहता है, उसकी बिलिंग 300 रुपए तक रहती है। इसमें 50 रुपए का डिस्काउंट दिया जाता है। ऐसे में विक्रेताओं को यह 250 रुपए में मिल जाता है तो ग्राहकों को 260 रुपए में बेच देते हैं। इसी तरह से जिन कंपनियों को अपना सीमेंट 275 रुपए तक बेचना रहता है, वो कंपनियां इसकी बिलिंग 325 रुपए कर करती हैं। जीएसटी कम होने पर कंपनियों ने सरकार को दिखाने के लिए अपनी बिलिंग 270 से 305 रुपए कर दी थी।*

# खेतों में पराली जलाने से बढ़ा खतरा, प्रशासन गंभीर नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर/पलारी

विकासखण्ड पलारी अंतर्गत विभिन्न स्थानों में खेतों की पराली में लगातार आग लगाए जाने की घटनाएं जनहित का बड़ा मुद्दा बनती जा रही हैं। खुले आम पराली जलाने से एक ओर जहां वातावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर गांवों में आग फैलने की घटनाओं का खतरा भी लगातार मंडरा रहा है। इसके बावजूद प्रशासन की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। कलेक्टर द्वारा पराली जलाने पर रोक और सख्त निर्देश जारी किए जाने के बावजूद क्षेत्र में नियमों का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। सवाल यह उठता है कि जब निर्देश जारी हैं, तो आखिर उन पर अमल क्यों नहीं हो रहा? जिम्मेदार विभाग अब तक कार्रवाई से दूर क्यों हैं?

- कलेक्टर के निर्देशों की अनदेखी, पलारी ब्लॉक में फायर ब्रिगेड तक नहीं

विगत दिनों पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम कूकदा में आग लगने की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। आग इतनी तेजी से फैली कि एक 3 साल की मासूम बच्ची की जान खतरे में पड़ गई, जिसे पुलिस थाना प्रभारी पलारी की तत्परता से सुरक्षित बचाया गया। अगर समय पर मदद नहीं पहुंचती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि पलारी जैसे बड़े ब्लॉक क्षेत्र में आग बुझाने के लिए एक भी फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध नहीं है। जब बार-बार आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं, तो फिर प्रशासन द्वारा स्थायी व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही? क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है?स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि पराली जलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा पलारी ब्लॉक में तत्काल फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी जनहानि को रोका जा सके।

# बच्चे को मारने पर पति के डांटने से नाराज महिला ने की खुदकुशी



- पति-पत्नी शादी समारोह में जाने की कर रहे थे तैयारी
- मायका तथा ससुराल पक्ष के लोगों ने अस्पताल में किया जमकर हंगामा, एक दूसरे के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में बच्चे को डांटने से मना करने पर महिला ने फांसी लगाकर शुक्रवार शाम फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना से आक्रोषित मृतका के मायका पक्ष के लोगों ने रिंग रोड स्थित एक निजी अस्पताल में जमकर हंगामा करते हुए एक दूसरे के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। संतोषी नगर निवासी इरशाद खान की पत्नी यास्मिन बानो ने खुदकुशी की है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पति-पत्नी एक शादी समारोह में शामिल होने जाने तैयारी कर रहे थे। यास्मिन के दो बेटों में से एक डेढ़ साल का बेटा ने खेलते हुए अपनी मां को लात मार दी। इस बात से नाराज यास्मिन ने अपने बेटे को डांटते हुए लात मार दी। इस बात से नाराज इरशाद ने अपनी पत्नी को ऐसा करने से मना करते हुए उसे फटकार लगाई। इस बात से नाराज होकर महिला ने एक अलग कमरे में जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### मायका पक्ष के लोगों ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

मायका पक्ष के लोगों ने इरशाद तथा उनके परिजनों पर यास्मिन को प्रताड़ित करने तथा उसके साथ मारपीट कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। यास्मिन के मायका वालों ने आरोप लगाया है कि बच्चे को बदमाशी करने से रोकने पर इरशाद तथा उसके परिजनों ने यास्मिन के साथ बुरी तरह से मारपीट की और उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। परिजनों ने यास्मिन के ससुराल वालों के खिलाफ उसके साथ आए दिन मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# कला केंद्र में समर कैंप तीन चरण में, पहला 15 से 30 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- बच्चों की प्रतिभा निखरेगी और उनमें आत्मविश्वास के साथ-साथ रचनात्मक सोच का विकास होगा

गर्मी की छुट्टियों में कला केंद्र संस्थान रायपुर तीन चरणों में समर कैंप लगाएगा। जीई रोड स्थित इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के पीछे स्थित कला केंद्र परिसर में आयोजित होने वाले समर कैंप के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक, उपयोगी और ज्ञानवर्धक बनाया जाएगा। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर कला केंद्र में बच्चों को संगीत, नृत्य, चित्रकला, योग, शतरंज एवं स्पोकन इंग्लिश जैसी विविध गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे बच्चों की प्रतिभा निखरेगी और उनमें आत्मविश्वास के साथ-साथ रचनात्मक सोच का विकास होगा।

### पहला चरण 15 अप्रैल से

समर कैंप तीन चरणों में होगा। पहला चरण 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होगा। दूसरा चरण 1 मई से 15 मई तथा तीसरा चरण 16 मई से 30 मई तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 9:30 बजे तक कक्षाएं संचालित होंगी। कैंप में भाग लेने के लिए पंजीयन शुल्क 110 रुपए तथा प्रशिक्षण शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया है। सीमित सीटों के कारण अभिभावकों से अपने बच्चों का पंजीयन शीघ्र कराने की अपील की गई है।

# रायपुर, उरकुरा और मांढर सेक्शन में चलेगा ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-उरकुरा-मांढर सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य के चलते इस मार्ग पर यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। सिग्नलिंग कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए रेलवे प्रशासन ने इस रूट की 10 मेमू ट्रेनों को 5 अप्रैल को रद्द कर दिया है। इन लोकल ट्रेनों के कैंसिल होने से अप-डाउन करने वाले दैनिक यात्रियों और नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मेमू ट्रेनों के रद्द हो जाने से एक दिन के लिए एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ और दबाव काफी बढ़ जाएगा, जिससे आम यात्रियों को सफर करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



- इस रूट की 10 मेमू ट्रेनों को 5 अप्रैल को रद्द कर दिया है

### यह ट्रेन कल रहेगी रद्द

05 अप्रैल को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 58205 रायपुर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी।
06 अप्रैल को गाडी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68701 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68702 दुर्ग -रायपुर- मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68703 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68704 दुर्ग -रायपुर- मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

बीच में समाप्त होने वाली गाड़ी

05 अप्रैल को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त होगी यह गाड़ी बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया के स्थान यह गाड़ी बिलासपुर से ही झारसुगुड़ा के लिए रवाना होगी। इसलिए यह गाड़ी गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।
4 अप्रैल को गाड़ी संख्या 58217 टिटलागढ़ रायपुर पैसेंजर महासमुंद में समाप्त होगी यह गाड़ी महासमुंद -रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।
5 अप्रैल,को गाड़ी संख्या 58218 रायपुर -टिटलागढ़ पैसेंजर रायपुर के स्थान पर महासमुंद से प्रारंभ होगी यह गाड़ी रायपुर - महासमुंद के बीच रद्द रहेगी।

# दो दशक से रेस्क्यू सेंटर में कैद उम्रदराज अंधे छोटू वनभैंसा को खुले में छोड़ने की तैयारी

### इसलिए खुले में छोड़ने का निर्णय


*प्रस्ताव में इस बात का उल्लेख किया गया है कि असम से लाई गई वन भैंसें, जो बारनवापारा अभयारण्य में रखी गई हैं, उन्हें उदंती अभयारण में लाया जाएगा। 45 दिन बाड़े में रखने के बाद छोटू के साथ जंगल में रेडियो कॉलर लगाकर सॉफ्ट रिलीज किया जाएगा। खुले में रिलीज करने का उद्देश्य छोटू से मादा वन भैंसों का प्रजनन कराकर संख्या बढ़ाना है।*


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

उंदती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के वनभैंसा रेस्क्यू सेंटर में दो दशक से ज्यादा समय से कैद राज्य के राजकीय पशु छोटू नामक वनभैंसा को खुले प्राकृतिक रहवास में छोड़ने वन विभाग के अफसर तैयारी कर रहे हैं। जिस वनभैंसा को खुले में रेडियो कॉलर लगाकर छोड़े जाने तैयारी है, उस वनभैंसा की मोतियाबिंद से दोनों आंखें पूरी तरह से खराब हो चुकी हैं। इसके साथ ही वनभैंसा अब अपने उम्र के अंतिम पड़ाव में है। ऐसे में जानकार वनभैंसा को खुले में छोड़े जाने को लेकर सवाल उठा रहे हैं और इसे आत्मघाती कदम बता रहे हैं।

वनभैंसा को उसके प्राकृतिक रहवास केंद्र में छोड़ने 12 जनवरी 2026 को अधिकारियों की बैठक के बाद प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है। राजकीय पशु को खुले में छोड़ने पांच अधिकारियों, जिसमें यूएसटीआर के फील्ड डायरेक्टर, डीएफओ बलौदा बाजार, डिप्टी डायरेक्टर यूएसटीआर, जंगल सफारी के डॉक्टर, कानन पेंडारी के डॉक्टर और एक एनजीओ की कमेटी ने मुख्यालय को मोड ऑफ ऑपरेशन प्रेषित किया है।





- मोतियाबिंद से राजकीय पशु की दोनों आंखें खराब हो गई
- असम से लाए गए मादा वनभैंसों से मेटिंग कराकर संख्या बढ़ाने विभाग उठा रहा रिस्क

### बाहर करने के बाद भी बाड़े के आसपास रहेगा

6 अगस्त 2025 को गवर्निंग काउंसिल की बैठक में इस बात का उल्लेख किया गया है कि छोटू वन भैंसा अंधा है। वह बाड़े में रहने का आदी हो गया है। ऐसे में अब अगर उसे स्वच्छंद विचरण के लिए जंगल में छोड़ दिया जाएगा, तो क्या वह स्वच्छंद विचरण करेगा या मर जाएगा? जानकारों के अनुसार, अगर छोटू को बाड़े से बाहर छोड़ भी दिया जाए, तो वह अंधा होने के कारण जंगल में नहीं जा पाएगा और आहार के लिए बाड़े के आसपास ही घूमता रहेगा। जानकारों के अनुसार उम्र के अंतिम पड़ाव में होने की वजह से छोटू मेटिंग के लिए तैयार नहीं हो पाएगा।

### बगैर किसी आदेश के कैद करने का आरोप

वाइल्ड बफेलो शेड्यूल-1 प्रजाति का वन्यजीव है। छोटू का जन्म वर्ष 2002 में हुआ था। जन्म के 4 साल तक छोटू स्वच्छंद रूप से जंगल में विचरण करता रहा। इसके बाद 2006 में बिना किसी आधिकारिक आदेश के उसे बाड़े में कैद करके रख दिया गया। इस दौरान रेस्क्यू सेंटर के साथ मेटिंग से कई बच्चे पैदा हुए। छोटू से पैदा वनभैंसों को विभागीय अफसरों ने हाईब्रीड या क्रॉसब्रीड बताकर रेस्क्यू सेंटर से बाहर कर दिया।

### रेस्क्यू सेंटर बना प्रयोगशाला

वन्यजीवों के जानकार तथा वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी के अनुसार राजकीय पशु को लेकर विभाग दो दशकों से नए-नए प्रयोग कर रहा है। यूएसटीआर में वनभैंसों के संरक्षण के लिए वर्ष 2006 में बाड़ा बनवाया। बाड़ा बनवाने के बाद छोटू को बंधक बनाकर कैद किया। कथित तौर पर अन्य मादा वनभैंसों से छोटू के साथ प्रजनन कराकर बच्चे पैदा कराए। वर्ष 2014 में आशा नामक कथित मादा का क्लोन कराया। क्लोन से तैयार भैंसा दीपआशा के मुर्रा वनभैंसा होने की पुष्टि हुई। विभागीय अधिकारी राज्य में राजकीय पशु की संख्या बढ़ाने अब हर साल 2030 तक असम से 10 वनभैंसा लाने योजना बना रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### भाटापारा रेलवे स्टेशन...

नायक, अभिषेक पांडे, राजा चावला, नरेश आर्य अभिषेक मोदी सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस द्वरान स्टेशन मास्टर अजय कुमार मौके पर उपस्थित थे।

### तेज आवाज में ...

साउंड सिस्टम को जब्त करते हुए संचालक शेख सलमान खान 28 वर्ष, निवासी दशरमा रोड, बलौदाबाजार के खिलाफ कोलाहल अधिनियम 1995 के तहत कार्रवाई की। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले डीजे एवं धुमाल संचालकों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### छूटे हितग्राहियों के...

कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में बच्चों के शत-प्रतिशत आयुष्मान पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी पात्र बच्चा योजना के लाभ से वंचित न रहे।ऐसे सभी पात्र नागरिक जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे आवश्यक दस्तावेज के साथ निकटतम शिविर स्थल या पंजीयन केंद्र में जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।अधिक जानकारी के लिए आयुष्मान भारत योजना के टोल फ्री नंबर 14555 तथा स्वास्थ्य हेल्पलाइन 104 पर संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### तहसील साहू संघ की बैठक आज

**सेल।** तहसील साहू संघ कसडोल का ग्राम छरछेद में 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे बैठक रखी गई हैं। इसमें तहसील पदाधिकारी परिक्षेत्र पदाधिकारी एवं अध्यक्ष सेमरिया परिक्षेत्र नगर पदाधिकारी कसडोल, परिक्षेत्र पदाधिकारी सेल अध्यक्ष समस्त ग्राम के पदाधिकारी नगर के पदाधिकारी शामिल होंगे। तहसील साहू संघ कसडोल राजू साहू ने बताया कि बैठक में सामाजिक स्तर पर चर्चा परिचर्चा होगी।

### अंचल में मनाई गई हनुमान जयंती



**भैंसा।** अंचल में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर हनुमानजी को वंदन व घी का चोला चढ़ाने के साथ ही हवन-पूजन कराया गया। मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का पूजन कर संकट से मुक्ति व कल्याण की कामना की। इस मौके पर सुंदरकांड के पाठ के साथ भजन कीर्तन हुआ। साथ ही प्रसाद का वितरण किया गया। जयंती के मौके पर हुनमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही 21 बार हनुमान चालीसा व सुंदरकांड के पाठ के बाद आरती हुई।

### शादी से मना करने पर युवती पर चाकू से हमला

**महासमुंद।** शादी से मना करने पर नगर के कुम्हारपारा में रहने वाली युवती पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर युवती की मां पिंकी साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि 2 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे उसे सूचना मिली कि उसकी लड़की को छिपियापारा के रहने वाले अंकित लोहार ने किसी बात को लेकर चाकू मारकर चोट पहुंचाया, जिसे जिला अस्पताल खरोरा में इलाज के लिए ले जाया गया है।

### निधन

### दुलौरिन बाई मांडले



**खरोरा।** ग्राम पिरदा (कोरासी) निवासी दुलौरिन बाई मांडले 83 वर्ष का 3 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार का 4 अप्रैल शनिवार को गृह ग्राम पिरदा के मुक्तिधाम में किया गया। दशगात्र का कार्यक्रम 10 अप्रैल शुक्रवार को रखा गया है। वे पुनीत राम मांडले की माता एवं गजरा बाई मांडले की सास थीं।

# नन्हें बच्चों ने लिया पूल पार्टी का आनंद, रेन डांस और वॉटर गेम्स की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को नन्हें-मुन्नें बच्चों के लिए आयोजित पूल पार्टी ने पूरे परिसर को खुशियों और उत्साह से सराबोर कर दिया। गर्मी के मौसम में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम ने बच्चों को ताजगी और मनोरंजन का अनूठा अनुभव प्रदान किया।

पूल पार्टी में बच्चों के लिए रेन डांस और विभिन्न वॉटर गेम्स का आयोजन किया गया। बच्चों ने म्यूजिक की धुन पर कृत्रिम बारिश का भरपूर आनंद लिया, वहीं बॉल-पूल और वॉटर गन के साथ जमकर मस्ती की। इसके अलावा, बच्चों के लिए फ्रूट जूस और हेल्दी स्नैक्स की भी विशेष व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. एकता शुक्ला ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के साथ उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रही, जिसके लिए शिक्षकों की टीम हर समय बच्चों के साथ मौजूद रही।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं मनोरंजन के अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को स्मृति स्वरूप उपहार भी वितरित किए गए। बच्चों के चेहरे की मुस्कान और उत्साह ने आयोजन को सफल बना दिया।

## रेन डांस और वॉटर गेम्स में बच्चों ने की जमकर मस्ती




### बच्चों स्वागत संगीत और फूलों की वर्षा हुआ

कार्यक्रम के दौरान पूल एरिया को रंग-बिरंगे गुब्बारों, समुद्री खिलौनों और आकर्षक अंब्रेला से सजाया गया था। नन्हें छात्र-छात्राएं अपनी पसंदीदा स्विमवियर, गॉगल्स और फ्लोट्स पहनकर स्कूल पहुंचे, जहां उनका स्वागत संगीत और फूलों की वर्षा के साथ किया गया।

## निषाद समाज का आदर्श विवाह एवं रंगमंच लोकार्पण समारोह

# राम जानकी मंदिर में तीन जोड़ों का आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

केंवट निषाद समाज खल्लारी राज, थाना सुहेला शुक्रवार को राम जानकी मंदिर परिसर में आदर्श विवाह एवं रंगमंच लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। सामाजिक एकता और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में तीन जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न कराया गया, जिसकी क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।





इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने भी समाज की पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

भाजयुमो के जिलाध्यक्ष द्वारिका वर्मा ने युवाओं से ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की और समाज के संगठनात्मक प्रयासों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अदिति वधमार विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जनपद पंचायत सिमगा अध्यक्ष दौलत पाल, हेमंत बाघमार, रोशन वर्मा, महिष जांगड़े, भानु प्रताप वर्मा, सुहेला सरपंच मोंगरा धृतलहरे, उप सरपंच देवा धृतलहरे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं निषाद समाज के स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नव निर्मित रंगमंच का लोकार्पण भी किया गया, जिससे भविष्य में सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नई दिशा मिलेगी। पूरे आयोजन में सादगी, अनुशासन और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली।

### निषाद समाज की मांग पर रंगमंच शेड निर्माण की घोषणा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने नवविवाहित दंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आदर्श विवाह समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिससे अनावश्यक खर्चों पर अंकुश लगता है और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। साथ ही निषाद समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर उन्होंने रंगमंच शेड निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पहले ही आबंटन में पूर्ण कराने की घोषणा भी की, जिससे उपस्थित समाजजनों में हर्ष का माहौल देखा गया।

# कलशयात्रा के साथ ग्राम ताराशिव में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

समीपस्थ ग्राम ताराशिव में कलश यात्रा के साथ भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भजन कीर्तन गाते हुए एवं महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिए गांव की विभिन्न गलियों चौक चौराहों से होते हुए कलश का यात्रा मुख्य मंच (व्यास पीठ) तक वापस आई। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा की।

उल्लेखनीय है कि 3 से 11 अप्रैल तक संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन हेम कल्याणी वर्मा, लता ए वर्मा, जितेंद्र कुमार-पद्मिनी वर्मा, धर्मेंद्र ए वर्मा-कृष्णा वर्मा, सुरेंद्र कुमार-मंजू वर्मा एवं अक्षय नेहा वर्मा द्वारा भागवत - आचार्य पं. पवन तिवारी ग्राम ब्राह्मण। भेड़ी जिला मानपुर अंबागढ़ चौक के सानिध्य में किया गया है, जिसमें पारायण कर्ता पं शुभम तिवारी है। प्रथम दिवस कलश यात्रा देव स्थापना व्यास पूजन श्री गौकर्ण कथा के साथ ही




श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ। 5 अप्रैल श्री बाराह अवतार, हिरण्याक्ष वध, कपिल अवतार, 6 अप्रैल शिव-पार्वती विवाह, 7 अप्रैल वामन अवतार, श्री राम जन्मोत्सव, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 8 अप्रैल श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, 9 अप्रैल कंस वध, श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह, 10 अप्रैल सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित मोक्ष, 11 अप्रैल गीता पाठ, तुलसी वर्षा होगी। भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रारंभ होगी।

# सुनीता को शिल्पकार ने छत्तीसगढ़ महतारी के सचित्र नक्शा भेंट किया



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल के काष्ठ शिल्पकार औंरासी निवासी डाकेश्वर वर्मा ने छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार की प्रथम महिला राजप्रधान सुनीता वर्मा को अपने गृह ग्राम औंरासी प्रवास पर छत्तीसगढ़ महतारी की रंगीन छायाचित्र से सुसज्जित काष्ठ शिल्प के अनोखे कलाकृति प्रदेश का नक्शा भेंट किये। इस अवसर पर केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य कोपराम वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, उपराज प्रधान कीर्ति वर्मा, सदस्य कांति वर्मा, सचिव प्रदीप बघमार, सहसचिव देवेश वर्मा, मीडिया प्रभारी महेश वर्मा, संगठन मंत्री झालेंद्र वर्मा, सह संगठन मंत्री हरिश्चंद्र वर्मा, तिलक वर्मा और पंकज वर्मा आदि उपस्थित थे। गौरतलब है कि डाकेश्वर वर्मा छत्तीसगढ़ राज्यपाल के हाथों दो बार अलग-अलग विधाओं के लिए एक शिक्षक सम्मान और दूसरा काष्ठ कलाकृति के लिए सम्मानित हो चुके हैं।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के आदर्श चौक में लाल वर्मा, उत्तम लाल वर्मा के यहां श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, जिसमें गांव की मातृ शक्ति व लड़कियां ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिए हुए भक्ति भाव से कलश यात्रा में भाग लिया। इस दौरान भजन कीर्तन और जय घोष से पूरा गांव भक्ति मैय माहौल में डूबा रहा। पिता स्व. रमेश वर्मा, माता भानमति वर्मा की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचन गुरु महाराज प्रकाश दास वैष्णव व उपरोहित विजय पांडे, परायणकर्ता सुजल दास वैष्णव है। कथा वाचन का समय 3 से प्रभु कृपा तक। 5 अप्रैल परीक्षित जन्म सती चरित्र, 6 अप्रैल ध्रुव चरित्र जड़ भरत कथा, 7 अप्रैल श्री राम जन्म श्री कृष्ण जन्म, 8 अप्रैल पूतना उद्धार बाल लीला, 9 अप्रैल रामलीला रुक्मणी विवाह कंस वध, 10 अप्रैल सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम, 11 अप्रैल तुलसी वर्षा सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोजन पूर्ण हूति प्रसादी वितरण किया जाएगा ।



## नवधा रामायण के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा



**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के गांधी चौक में अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 3 से 12 अप्रैल तक किया गया है। शुक्रवार को समारोह का शुभारंभ आचार्य राहुल महाराज द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही नगर में कलश यात्रा निकाली गई। आयोजन सिद्धेश्वर नवधा रामायण समिति के सदस्य अमित वर्मा, राधे वर्मा, नूतन सेन, नरसिंह वर्मा, देवेंद्र वर्मा ने बताया कि नवधा रामायण से नगर में उत्सव का माहौल रहता है। समारोह में दूर दराज की मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है, जो प्रभु राम के मूल्यों का बखान कर नगरवासियों को कृतार्थ करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मानस टोलियो को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजक समिति द्वारा मानस तालियां को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# 'मजबूत बूथ ही चुनाव में जीत की है आधारशिला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बूथ गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के द्वारा कांग्रेस सृजन अभियान के तहत पंचायत बूथ कमेटी गठन हेतु जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी एवं ब्लॉक प्रभारी उमा अनंत के उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

- पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने कांग्रेस की बैठक

बैठक में जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि पंचायत बूथ गठन संगठन की रीढ़ है। हर वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता को एक बूथ का अध्यक्ष बनकर बूथ स्तर तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाना होगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि मजबूत बूथ ही चुनाव में जीत की आधारशिला होते हैं, इसलिए हर ग्राम पंचायत में पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष के 12 सदस्यों की मजबूत टीम बनाना है।



जिसका लाभ आने वाले चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा और गांव-गांव तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। हम कार्यकर्ताओं की बीच दो महीना रहते हैं तो 20 साल का संबंध बनता है।

ब्लॉक प्रभारी उमा अनंत ने कहा कि पंचायत स्तर पर महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है, तभी संगठन और अधिक सशक्त होगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि आगामी एक माह के अंदर पंचायत एवं बूथ कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। जिसके लिए मंडल स्तर पर प्रभारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं। वरिष्ठ नेता कुबेर यदु ने कहा कि पंचायत बूथ अध्यक्ष के गठन के साथ साथ क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर भाजपा को घेरना होगा। और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लड़ना होगा।

### ये हुए शामिल

उक्त बैठक को पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिनव यद्धु, पूर्व अध्यक्ष भागवत सोनकर, चंदू साहू, विवेक अग्रवाल, दीनबंधु शर्मा, मोहन गायकवाड़, मो अय्यूब, डॉ कृष्ण कुमार नायक ने भी संबोधित कर अपना मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विष्णु कोसले, कुंजराम साहू, गोलू साहू, मंडल अध्यक्ष मांधाता साहू, अशोक देवांगन, हीरालाल साहू, भिखारी गहरे, श्याम देवांगन, शेष साहू, राहुल शर्मा,कान्हा यद्धु, अजीत भट्ट, देवचरण मार्कंडेय, ढ़ेलू साहू, अश्वनी बारले, हेमलाल साहू, लोमन घृतलहरे, पार्षद मो याकूब, परदेशी सोनकर, कोमल टंडन, ललित देवांगन, यश शर्मा, विक्की मानिकपुरी, विक्की पांडे, कृष्ण कुंजाम, हितेश साहू, लक्की लहरे, दाऊ यद्धु, मोहन यद्धु, झाड़ू साहू, लल्लू पाटकर, धनसिंघ साहू, दिनेश साहू, डोमेश्वर वर्मा, उत्तम वर्मा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# जल संचय-बेहतर कल के लिए बच्चों ने थामी कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में आंगनबाडी केंद्र 7 में नन्हें बच्चों को कैप पहनाकर जल शक्ति अभियान के बैनर तले जल संचय बेहतर कल के लिये लोगों को जागरुक किया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने वीडियोग्राफी कर जल संचय की महत्व पर जोर देते हुए जल संचय किस प्रकार करना है एवं घरों के पास सोखता गड्ढा का निर्माण के लिये प्रेरित किया गया।

- सोखता गड्ढा निर्माण के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

इस अवसर में राजेश वर्मा जिला पंचायत एपीओ मनरेगा, मुरलीकांत यदु जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, फकिरचंद पटेल जनपद सीईओ बलौदाबाजार, ज्योति ठाकरे महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, कविता ध्रुव सरपंच, सचिव राजेश साहू, उपसरपंच विष्णु साहू, राधेश्याम साहू, ओमप्रकाश साहू, कन्हैया कटारे, चित्ररेखा यदु, चंदरोतीन साहू, प्रेमचंद साहू, गंगाप्रसाद यदु, विनोद सोनी, विजय वर्मा, जीवन साहू, तोमन साहू, कस्तुरी शुक्ला, ओमेश्वरी रजक, संध्या ध्रुव, पुषपा सेन, प्रमिला वर्मा, सीता नायक, श्यामबाई, टिकेश्वरी साहू, राखी ध्रुव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित थे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## कुथरौद में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**हिरमी रावन**। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभापति डॉ. मोहनलाल वर्मा द्वारा ग्राम कुथरौद में 5 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। यह स्वास्थ्य शिविर आरोग्य सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में डॉ. मोहनलाल वर्मा के निज निवास पर आयोजित किया जाएगा। शिविर में उपलब्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. चिराग अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक अग्रवाल, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. नितिन कुमार कथुरिया तथा जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मनीष बर्नवाल शामिल रहेंगे।शिविर के दौरान मरीजों के लिए निःशुल्क शुगर जांच, बीपी जांच तथा विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए सूरज कुमार वर्मा ने बताया कि यह शिविर सभी वर्गों के लोगों के लिए पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है।

**आयोजन : संगठन को मजबूत बनाने पर दिया गया विशेष जोर**

# भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान मंडलों में हो रही कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



भाजपा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के निपनिया एवं कौशलपुर मंडल में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंडल के ग्राम गुडेलिया व कोलिहा में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026 की कार्यशाला हुई।

वक्ताओं ने संगठन को और अधिक प्रभावी व सशक्त बनाने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। संबोधन में वक्ताओं ने विचारधारा, अनुशासन एवं संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने एकात्म मानववाद विषय पर विचार रखते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका बताई। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध और संगठनात्मक रूप से सक्षम बनाने का महत्वपूर्ण मंच है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से आनंद यादव, राकेश तिवारी, प्रमोद शर्मा, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, कृष्णा अवस्थी, केजूराम बघेल, टेसूलाल धुरंधर, मथुरा यदु, नारायण साहू, राजेश पटेल, अविनाश शर्मा, दिलीप चक्रधारी, राजा जायसवाल, शशि आनन्द बंजारे, लक्ष्मी नारायण शर्मा, चेतन वर्मा, मनोज शर्मा, संकेत अग्रवाल, संतोष साहू, हेम सिंह चौहान, सतीश साहू, विनोद मिश्रा,पीताम्बर साहू, गीता अग्रवाल, बृजेश निषाद, टिक्की वर्मा, भोला देवांगन, लुकेश साहू, मनराखन यदु, सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# बिलाईगढ़ में 108 एंबुलेंस सेवा की दो नई गाड़ियों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ बिलाईगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने पर जोर

विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में 108 एंबुलेंस सेवा के अंतर्गत दो नई एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर एंबुलेंस को क्षेत्रवासियों को समर्पित किया।

इस अवसर पर बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन, सरसीवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भीषम साहू, रामनारायण भट्ट, शेखर भट्ट, भूपेन्द्र यादव, मिथलेश लहरे, रामनारायण साहू, शांति बंजारे, मिथिला जांगड़े, रामप्रसाद राकेश बीएमओ जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं डॉक्टर, अस्पताल स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया। नई एंबुलेंस सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में बड़ी सहायता मिलेगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और प्रभावशीलता में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

### क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा

कार्यक्रम में विधायक श्रीमती लहरे ने कहा कि यह पहल आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि समय पर चिकित्सा सहायता मिलना कई बार जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करता है, ऐसे में 108 एंबुलेंस सेवा की यह नई शुरुआत क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता बिलाईगढ़ क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को समय पर सहायता मिल सके। इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और भविष्य में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए कार्य जारी रहेगा।

# पांचवीं-आठवीं बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री बी डी एस सेजेस स्कूल खरोरा में पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य जारी है। इस महत्वपूर्ण कार्य में तिल्दा विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए अनुभवी एवं दक्ष शिक्षकों की टीम सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता निभा रही है। मूल्यांकन कार्य शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं गुणवत्ता के साथ संचालित किया जा रहा है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं तथा शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में कार्य संपन्न किया जा रहा है। इस मूल्यांकन कार्य में धीरेंद्र कुमार वर्मा, सावित्री वर्मा, युगल किशोर वर्मा, घनाराम यादव, नरेंद्र गुप्ता, योगेंद्र देवांगन, विष्णु देवांगन, दिनेश कुमार साहू, संजय वर्मा, भरत लाल धुरंधर, कृष्ण कुमार साहू, दुर्गा वर्मा, ललित कुमार शर्मा, संजय बंछोर सहित अन्य शिक्षकगण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सभी शिक्षक अपने अनुभव एवं दक्षता के माध्यम से मूल्यांकन प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण बनाने में निरंतर योगदान दे रहे हैं। मुख्य मूल्यांकनकर्ता के रूप में वाय के बुड़ेक, के यादव, नेमचंद धीवर एवं जितेंद्र वर्मा द्वारा मूल्यांकन कार्य का कुशलतापूर्वक संचालन एवं मार्गदर्शन किया जा रहा है।

प्राचार्य रजनी मिंज ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मूल्यांकन केंद्र में पेयजल, विश्राम व्यवस्था, आवश्यक संसाधन एवं सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

## तीन दिवसीय नामायण कथा कल से

**बंगोली**। समीपस्थ ग्राम मूरा में तीन दिवसीय सतनाम नामायण कथा समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 6 से 9 अप्रैल आयोजित है।



आयोजन के दौरान छ.ग. के प्रसिद्ध गायक कलाकार सनम जांगड़े, द्वारिका बर्मन, भगवती टांडेश्वरी की विशेष प्रस्तुती है। प्रत्येक नामायण टोली को समिति द्वारा 1001 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। प्रत्येक नामायण टोली में 4 सदस्य अनिवार्य है।

पं. बनवालीराम शान, भंडारी धरमदास डहरिया, कामता प्रसाद सारंग, साटीदार राजकुमार कोसले । त्रिदिवसीय नामायण कथा आयोजन में विशेष सहयोग कंचन टोकेन्द्र गायकवाड सरपंच मूरा, नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, समस्त क्रेशर मालिकगण तथा बेबो राईस मिल मूरा शामिल हैं।

